प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2022-23

कक्षा-10

गृहविज्ञान

समय : तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक-70**

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

सामान्य निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(i) (ii) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(ii) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर दिया जाना है।

(iii) ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेज़र (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंक का हैं।

खण्ड 'अ'

निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिए गये है। उनमें से सही विकल्प चुनें। **1x20**

1- शरीर में जल की लगभग प्रतिशत मात्रा होती है-

क- 70 ख- 100

ग- 90 घ- 40

2- निम्न में से सबसे सुरक्षित चेक है-

क- वाहक ख- क्रॉस चेक

ग- दोनों घ- कोई नहीं

3- मिल्टन क्लॉथ का कपड़ा होता है-

क- रोंयेदार ऊनी ख- मोटा

ग- रेशमी घ- सूती

4- पारिवारिक बजट बनाने का उद्देश्य है-

क- बचत करना ख- व्यय पर नियंत्रण करना

ग- आय का ज्ञान घ- उपर्युक्त सभी।

5- 20 मीटर कपड़े का दाम ₹300 है तो 1 मीटर कपड़े का मूल्य होगा-

क- 150 रू0 ख- 15 रू0

ग- 40 रू0 घ- 20 रू0

6- निम्न में से कौन सा रोग अशुद्ध जल से नहीं फैलता है?

क- हैजा
ख- अतिसार
ग- तपेदिक
घ- मोतीझरा

7- सूती तंतु प्राप्त होता है-

क- रसायनों से
ख- पशुओं से
ग- वनस्पति से
घ- इनमें से कोई नही

8- चेचक रोग फैलता है-

क- जल द्वारा
ख- रक्त द्वारा
ग- वायु द्वारा
घ- भोजन द्वारा

9- ठंडे स्पंज में क्या प्रयोग करना चाहिए-

क- बर्फ का पानी
ख- बर्फ
ग- ताजा पानी
घ- घुली हुई बर्फ का पानी

10- अम्लीय वर्षा किन गैसों के कारण होती है-

क- सल्फर डाई ऑक्साइड
ख- नाइट्रोजन ऑक्साइड
ग- दोनो
घ- कार्बन डाई ऑक्साइड

11- रुधिर की शुद्धि किस अंग में होती है-

क—पाचन
ख- फुफ्फुस
ग- हृदय
घ- त्वचा

12- प्याज की पुल्टिस बांधने चाहिए-

क- मोच पर
ख- चोट पर
ग- फोड़े पर
घ- सभी पर

13- भोपाल दुर्घटना किसका उदाहरण है-

क- वायु प्रदूषण
ख- जल प्रदूषण
ग- ध्वनि प्रदूषण
घ- रेडियोधर्मी प्रदूषण

14- क्षय रोगी के भोजन में किसकी मात्रा अधिक होनी चाहिए-

क- प्रोटीन
ख- वसा
ग- कार्बोज
घ- विटामिन

15- कृत्रिम श्वसन क्यों दिया जाता है-

क- श्वसन तंत्र को उत्तेजित करने के लिए

ख- श्वसन को पुनः शुरू करने के लिए

ग- दोनों के लिए

घ- किसी के लिए नहीं

16- निम्न में से कौन सा विटामिन जल में घुलनशील है-

क- विटामिन C

ख- विटामिन A

ग- विटामिन D

घ- विटामिन K

17- एक सामान्य व्यक्ति की नाड़ी गति लगभग होती है-

क- 40 बार

ख- 60 बार

ग- 72 बार

घ- 90 बार

18- अतिसार रोग में रोगी के शरीर में कमी हो जाती है-

क- वसा की

ख- प्रोटीन की

ग- कार्बोज की

घ- जल की

19- अस्थि भंग में अत्यधिक रक्तस्राव को रोकने में किस विधि का प्रयोग करना चाहिए-

क- बर्फ लगाना

ख- दबाव डालना

ग- टूर्नीकेट

घ- कोई नहीं।

20- एक स्वस्थ व्यक्ति की स्वास्थ्य गति प्रति मिनट होती है-

क- 16-18 बार

ख- 20-25 बार

ग- 25-30 बार

घ- 30-35 बार।

खण्ड 'ब'

<u>अतिलघु उत्तरीय प्रश्न-</u>

निर्देश : प्रश्न संख्या 21 से 26 अतिलघुउत्तरीय हैं। **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।** **2x6**

21- पारिवारिक बजट किसे कहते हैं?

22- ओजोन परत का क्या महत्व है?

23- कपड़ा काटने के पहले माप लेना क्यों आवश्यक है?

24- भोजन पकाने के उद्देश्य समझाइए।

25- दवा पिलाते समय किन बातों का ध्यान रखेंगे?

26- तापमान लेते समय दो सावधानियों को लिखें।

<u>लघु उत्तरीय प्रश्न -</u>

निर्देश : प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय हैं। इनके उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए। 4x5

27- पासबुक एवं चेक बुक में क्या अंतर है?

28- हड्डियों के टूट एवं मोच में होने वाले प्राथमिक उपचार का वर्णन कीजिए।

29- तंबाकू पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक क्यों है?

30- भोजन पकाने की सर्वोत्तम विधि का वर्णन कीजिए।

31- प्रतिरोधक क्षमता को समझाइए।

<u>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -</u>

निर्देश : प्रश्न संख्या 32 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न 32 व 33 के विकल्प दिये गए है। प्रत्येक प्रश्न के एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

32- पारिवारिक आय का क्या अर्थ है? पारिवारिक आय का प्रकार एवं विभिन्न स्रोतों का वर्णन कीजिए।

अथवा

गृह गणित क्या है इसके महत्व को सविस्तार समझाइए।

33- घर में सिलाई करने से ग्रहणी को क्या लाभ होता है? एक गृहणी के लिए इसका ज्ञान होना क्यों आवश्यक है?

अथवा

नाप लेने की विधियों का सविस्तार वर्णन कीजिए।

34- रोगी का आहार तैयार करते समय किन-किन बातों का ध्यान देना आवश्यक होता है? विस्तृत वर्णन कीजिए।